# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-09

पंचम् (बजट) सत्र
बुधवार, दिनांक-10, मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.20 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही ने आसन से अनुरोध किया कि द्वितीय पाली में होनेवाले वाद-विवाद से सम्बन्धित बजट की पुस्तकें माननीय सदस्यों को कम से कम एक दिन पूर्व उपलब्ध करवायी जाय ताकि वे तैयारी के साथ सदन में आ सकें।

इसी क्रम में माननीय सदस्य, श्री सरयू राय ने अपने द्वारा दिये गये विशेषाधिकार हनन की सूचना की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। विपक्ष के अन्य माननीय सदस्य भी कुछ बोल रहे थे जो स्पष्ट सुनाई नहीं दे रहा था।

### 1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-06**

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-03, | अ० सू०-159, श्री प्रदीप यादव, | स०वि०स०, |
| | अ० सू०-160, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा, | स०वि०स०, |
| | अ० सू०-161, श्री बिरंची नारायण, | स०वि०स०। |
| (ख) स्थगित मात्र-01, | अ० सू०-162, डॉ० सरफराज अहमद, | स०वि०स०। |
| (ग) अनागत कुल-02, | अ० सू०-163 एवं अ० सू०-164. | |

### 2.विविध चर्चायें:-

i- प्रश्नोत्तरों के क्रम मे माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा माननीय मंत्रियो के उत्तर से आसन के ही संतुष्ट हो जाने की बात कही गयी जिसपर उनके द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी,

ii- माननीय सदस्या, श्रीमती नीरा यादव ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध किया कि कोडरमा के विभिन्न जगहो पर **WATER A.T.M.** की व्यवस्थायें थी जिससे आमजनों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा था जो अब बन्द है, उन्हे लोकहित मे चालू करवाया जाय,

iii- माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी ने सभी प्रकार के चापाकलों की मरम्मति विभाग द्वारा ही कराये जाने की माँग की जिसे माननीय संसदीय कार्यमंत्री द्वारा संज्ञान मे लिया गया।

**3.प्रश्नकाल(क्रमांक-01 से जारी):-**

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-83**

(क) उत्तरित कुल-06,
तारां०-364, श्री निरल पुरती, स०वि०स०,
तारां०-365, श्री निरल पुरती, स०वि०स०,
तारां०-366, श्री मनीष जायसवाल, स०वि०स०,
तारां०-367, श्री दुलू महतो स०वि०स०,
तारां०-368, श्री रामदास सोरेन, स०वि०स०,
तारां०-369, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी, स०वि०स०।

(ख) अनागत कुल-79, तारां०-370 से लेकर तारां०-446 तक।

**4.शून्यकाल की सूचनायें :-**

आज के लिए स्वीकृत निम्नांकित शून्यकाल की सूचनायें माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयी-

श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह,
श्री इरफान अंसारी,
श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री समीर कुमार मोहन्ती,
श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा,
श्री अमर कुमार बाउरी,
श्री आलोक कुमार चौरसिया,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री इन्द्रजीत महतो,
श्री केदार हजरा,

(इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री हजरा ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया कि उनके क्षेत्र में गरीब लोगों की कई गुमटियाँ जला दी गयी है, अतएव सरकार इसे संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई करें।)

श्री किशुन कुमार दास,
श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता,
श्री कोचे मुण्डा,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री नारायण दास,
श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री बंधु तिर्की,
श्री अमित कुमार मण्डल,
श्री भूषण तिर्की,
श्री बिरंची नारायण,
श्रीमती ममता देवी।

इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया कि उनके विधान सभा क्षेत्र में दो मजदूरों की मौत माइंस में दबने से हो गयी है, उन्हें उचित मुआवजा दिया जाय। माननीय सदस्य, श्री सरयू राय द्वारा पुनः अपने द्वारा प्रस्तुत विशेषाधिकार हनन की सूचना की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया।

## 5.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें :-

माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा राज्य के अधिकांशतः जिलों में आर्सेनिक युक्त पेयजल के होने तथा माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार मण्डल द्वारा राज्य में पिछड़ों को माननीय न्यायालय के न्याय निर्णय के आलोक में आरक्षण दिये जाने सम्बन्धी दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को नियमानुकूल नहीं होने कारण आसन द्वारा अमान्य कर दिया गया।

## 6.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें एवं उसपर सरकार का वक्तव्य:-

i- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री मथुरा प्रसाद महतो एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii-माननीय सदस्य, श्री वैद्यनाथ राम से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 7.सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-

पुकारे जाने पर माननीय सभापति, श्री भूषण तिर्की द्वारा सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति का 25वाँ प्रतिवेदन सभा नियम-216(1) के तहत सदन पटल पर रखा गया।

## 8.वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगें खण्ड-(03) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल संसाधन विभाग (जल संसाधन प्रभाग), जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई प्रभाग), पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (पर्यटन प्रभाग), पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य प्रभाग) की माँगे सभा में प्रस्तुत की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही के सदन में अनुपस्थित रहने के कारण माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 9.वित्तीय कार्य(क्रमांक-8 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल ने चर्चा प्रारंभ की। इसके बाद निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

डॉ॰ सरफराज अहमद,

श्री नारायण दास,

श्री राजेश कच्छप,

श्री बंधु तिर्की,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री विनोद कुमार सिंह।

इसके बाद सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा उत्तर दिया गया और वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँग खण्ड-(03) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल संसाधन विभाग (जल संसाधन प्रभाग) सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक-15.03.2020 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 10 मार्च, 2021ई०।